# साहित्य मंच में छाया पंजाबी रचनाकारों का जादू

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित 'साहित्य मंच' कार्यक्रम में पंजाबी रचनाकारों ने रचना पाठ से दर्शकों का मन मोह लिया। पंजाबी रचनाकारों ने गजल की बेहतरीन पेशकश से समां बांध दिया।

कार्यक्रम में पांच पंजाबी साहित्यकारों ने हिस्सेदारी की। साहित्य मंच से पंजाबी साहित्यकार बलजिंदर नसराली ने अपने कहानी-संग्रह 'डाकखाना ख़ास' से एक कहानी प्रस्तुत की। यह कहानी पंजाब में कृषि कार्य के लिए आए मजदूरों पर केंद्रित है और एक सत्य घटना से प्रेरित है। साहित्यकार गुरदीप कौर ने पिता और बेटी के भावनात्मक रिश्ते की कहानी को पेश करके दर्शकों को मन मोहा। साहित्यकार जसविंदर बिंद्रा एवं ममता ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं, जो विभिन्न विषयों पर केंद्रित थीं। ब्यूरो